मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-351
20/10/2024

# प्रधानमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का किया शिलान्यास, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 20 अक्टूबर 2024 :– प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 6,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागतवाली 7 एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के विकास के तहत दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का वाराणसी के सिगरा स्टेडियम से रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दरभंगा, वाराणसी, आगरा एवं बागडोगरा हवाई अड्डा का शिलान्यास किया गया जिसमें 912 करोड़ रुपये की लागत की दरभंगा के टर्मिनल भवन एवं सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास कार्य शामिल है। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटना के 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुए।

शिलान्यास करने के पश्चात् कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नए टर्मिनल का शिलान्यास करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देते हुये कहा कि इस एयरपोर्ट के विकास से मिथिला क्षेत्र के साथ–साथ उत्तर बिहार के जिलों का भी विकास होगा। नये टर्मिनल के लिये राज्य सरकार ने 76.65 एकड़ भूमि भारत सरकार को उपलब्ध करा दी है। इस एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में और जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, राज्य सरकार करेगी।

ज्ञातव्य है कि दरभंगा हवाई अड्डा के निर्माण हेतु बिहार सरकार द्वारा कुल 76.85 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित किया गया है। वर्तमान में इस हवाई अड्डा के भवन से प्रत्येक दिन 1500 यात्री जाते हैं एवं 10 विमान की सेवा संचालित है। नवंबर 2020 में नागर उड़ानों की शुरूआत के बाद से दरभंगा में हवाई यातायात 21,66,567 यात्रियों को पार कर गया है। दरभंगा हवाई अड्डा भारतीय वायुसेना के अधीन है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारतीय वायुसेना द्वारा पट्टे पर ली गई 4.72 एकड़ भूमि पर एक अंतरिम सिविल एन्क्लेव कार्यरत है। यहां 2.27 करोड़ रुपए की लागत से व्यू कटर एवं रन–वे फेंसिंग का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। एयरपोर्ट टर्मिनल से सीधे एस0एच0–105 को जोड़ने हेतु 308.50 लाख रुपये की लागत से 21 मीटर लंबा 2 लेन आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तगत करा दिया गया है, जिस पर यातायात शुरु हो गया है। इस पुल के ऊपर धूप एवं बरसात से बचने के लिए 56 लाख रुपये की लागत से शेड का निर्माण भी कराया गया है।

वर्तमान में संचालित इस एयरपोर्ट से प्रतिदिन 1,500 यात्री जाते हैं जिसे बढ़ाकर 8,000 किया जाना है। वर्तमान में 10 विमानों की सेवा प्रतिदिन संचालित है, जिसे बढ़ाकर 50 किया जाना है। वर्तमान में रनवे 9,000 फीट है जिसे बढ़ाकर 12000 फीट करना है। वर्तमान 1,400 वर्गमीटर टर्मिनल भवन का विस्तार 51800 वर्गमीटर में किया जाना है।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र श्रीमती निवेदिता दूबे ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र तथा पाग भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, सांसद श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मंत्रिमंडल समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, नगर विमानन के निदेशक श्री निलेश राम चन्द्र देवरे, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र श्रीमती निवेदिता दुबे, महाप्रबंधक (अभि0) पूर्वी क्षेत्र श्री सुनील कुमार चिंडालिया, विमानपतन निदेशक, पटना हवाई अड्डा श्री उमा शंकर सहित अन्य एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीगण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे, जबकि दरभंगा एयरपोर्ट से राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुए थे।

******